**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3099**

**जिसका उत्तर 21 दिसंबर, 2023 को दिया गया**

**उज्ज्वल डिस्कॉम आश्वासन योजना का कार्यान्वयन**

**3099. श्री डी.एम. कथीर आनन्द:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016-17 और 2019-20 के बीच तमिलनाडु उत्पादन और वितरण निगम (टीएएनजीईडीसीओ) में उज्ज्वल डिस्कॉम आश्वासन योजना (उदय) के कार्यान्वयन से टीएएनजीईडीसीओ को अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार करने में मदद नहीं मिली है क्योंकि इसका ऋण सितम्बर, 2015 के 81,312 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च, 2020 में 1.23 लाख करोड़ रुपए हो गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का उत्तरी चेन्नई चरण-III, कुंडा और उडनगुड़ी में अपनी विद्युत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए टीएएनजीईडीसीओ को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) केन्द्र सरकार द्वारा जून, 2021 से टीएएनजीईडीसीओ को ऋण के रूप में कुल कितनी राशि प्रदान की गई है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** दक्षता सुधारों और वित्तीय पुनर्गठन के माध्यम से राज्य के स्वामित्व वाली वितरण यूटिलिटियों (डिस्कॉम) के प्रचालनात्मक और वित्तीय टर्नअराउंड के समग्र उद्देश्य से उदय स्कीम को आरंभ किया गया था। इसके परिणामस्वरूप, राज्य विद्युत वितरण यूटिलिटियों ने सुधार की सूचना दी जिसमें वित्तीय वर्ष 2017 में 23.66% से घटकर वित्तीय वर्ष 2020 में 20.93% तक की समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटीएंडसी) हानियों में कमी शामिल है। इसी तरह, तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टैनजेडको) की एटीएंडसी हानियां वित्तीय वर्ष 2017 में 18.23% से घटकर वित्तीय वर्ष 2020 में 13.60% हो गईं और प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 2023 में टैनजेडको की हानियां और कम होकर 10.23% हो गई हैं।

यह स्वीकार करते हुए कि राज्य के स्वामित्व वाली यूटिलिटियों की देनदारियां स्वयं राज्यों की आकस्मिक देनदारियां हैं, उदय स्कीम में यह परिकल्पना की गई कि दिनांक 30.09.2015 तक की स्थिति के अनुसार राज्य विकास ऋण (एसडीएल) बांड जारी करते हुए राज्य डिस्कॉम के ऋण का 75% अधिग्रहण करेंगे। तमिलनाडु के लिए उदय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दिनांक 9 जनवरी, 2017 को हस्ताक्षर किया गया था। एमओयू के अनुसार, सितंबर 2015 के अंत में टैनजेडको का बकाया ऋण 81,312 करोड़ रुपये था, जिसमें से डिस्कॉम का

ऋण 30,420 करोड़ रुपये था, जबकि शेष ऋण उत्पादन व्यवसाय के अनुरूप था। तमिलनाडु सरकार (जीओटीएन) को दिनांक 30 सितंबर, 2015 तक की स्थिति के अनुसार बकाया "डिस्कॉम ऋण" का 75% अर्थात वर्ष 2016-17 के दौरान 22,815 करोड़ रुपये का अधिग्रहण करना था। एमओयू के अनुरूप, तमिलनाडु सरकार ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान गैर-एसएलआर बांड जारी करते हुए डिस्कॉम के 22,815 करोड़ रुपये के ऋण का अधिग्रहण कर लिया है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2021-22 तक सक्रिय रूप से तमिलनाडु सरकार द्वारा 22,815 करोड़ रुपये की यह राशि टैनजेडको को अनुदान के रूप में अंतरित की गई थी। इसके वर्ष-वार ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

वर्ष 2016 के बाद, वित्तीय संस्थानों और बैंकों से प्राप्त वित्तीय सहायता के माध्यम से टैनजेडको द्वारा शुरू की गई उत्पादन और वितरण सुदृढ़ीकरण परियोजनाओं के लिए अधिकांश क्षमता वृद्धि की गई है, जो ऋण में वृद्धि का एक कारण है। इसके साथ-साथ, उदय के दिशानिर्देशों के अनुसार टैरिफ संशोधन का प्रत्येक वर्ष में कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, जिसके कारण भी ऋण में वृद्धि हुई है।

इसके अतिरिक्त, एमओयू के अनुसार, तमिलनाडु सरकार को वित्तीय वर्ष 2020-21 तक क्रमबद्ध तरीके से टैनजेडको की भावी हानियों का अधिग्रहण करना था। तमिलनाडु सरकार ने, वित्तीय वर्ष 2021-22 तक 10,132 करोड़ रुपये के लक्ष्य की तुलना में 9,366 करोड़ रुपये की हानियों का अधिग्रहण किया। इसके वर्ष-वार ब्यौरे **अनुबंध-II** में दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 से अगले वर्ष तक के दौरान, चालू वर्ष के टैनजेडको के 100% हानियों का अधिग्रहण करने पर सहमति व्यक्त की है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 11,954.64 करोड़ रुपये तक की टैनजेडको की हानियों का अधिग्रहण किया गया है।

**(ग) :** नॉर्थ चेन्नई स्टेज-II टीपीएस, कुंडा एचईपी और उडानगुडी टीपीएस परियोजना के लिए आरईसी लिमिटेड द्वारा टैनजेडको को संस्वीकृत किए गए ऋण के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **आरईसी द्वारा संस्वीकृत मूल ऋण राशि (करोड़ रुपये में)** | **अतिरिक्त ऋण राशि (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|---|---|
| 1) | नॉर्थ चेन्नई स्टेज-III टीपीएस | 5,006.99 | 1,036.75 (आरईसी द्वारा स्वीकृत) |
| 2) | कुंडा एचईपी | 1,450.00 | 1,270.82 (आरईसी द्वारा स्वीकृत) |
| 3) | उडानगुडी टीपीएस परियोजना | 10,453.00 | प्रस्ताव पीएफसी के पास विचाराधीन है |

**(घ) :** जून, 2021 से केंद्रीय वित्तीय संस्थानों से टैनजेडको को संस्वीकृत किए गए ऋणों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आरईसी लिमिटेड | 24,090 करोड़ रुपये |
| 2. | पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) लिमिटेड | 17,121 करोड़ रुपये |
| **कुल** | | **41,211 करोड़ रुपये** |

*************

**<u>अनुबंध-I</u>**

**लोक सभा में दिनांक 21.12.2023 को उत्तर दिए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 3099 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**तालिका (1): अनुदान के रूप में वास्तविक अंतरण निम्नलिखित तालिका में वर्णित है:-**

| वर्ष | एमओयू के अनुसार अधिगृहित कुल ऋण | एमओयू के अनुसार अनुदान के रूप में अंतरण | वास्तविक अधिगृहित ऋण | वास्तविक अनुदान |
|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | 75% | 4563 | 75% | - |
| 2017-18 | - | 4563 | - | 4563 |
| 2018-19 | - | 4563 | - | 4563 |
| 2019-20 | - | 4563 | - | 4563 |
| 2020-21 | - | 4563 | - | 4563 |
| 2021-22 | - | - | - | 4563 |
| **कुल** | **75%** | **22,815** | **75%** | **22,815** |

*************

**अनुबंध-II**

**लोक सभा में दिनांक 21.12.2023 को उत्तर दिए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 3099 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**तालिका (2): हानि अधिग्रहण: एमओयू के अनुसार, तमिलनाडु सरकार को क्रमबद्ध तरीके से टेनजेडको की भावी हानियों का अधिग्रहण करना था। तमिलनाडु सरकार द्वारा किया गया वास्तविक हानि अधिग्रहण इस प्रकार है:**

| विवरण | लाभ/(हानि) कर से पहले** | राज्य सरकार अधिगृहित किए जाने वाली हानियाँ | तमिलनाडु सरकार द्वारा वास्तविक हानि अधिगृहित |
|---|---|---|---|
| **2016-17** | **(4349)** | **-** | **-** |
| 2017-18 @5% पीवाई हानि | (7761) | 217 | 217 |
| 2018-19 @10% पीवाई हानि | (12,623) | 776 | 776 |
| 2019-20 @25% पीवाई हानि | (11,965) | 3156 | - |
| 2020-21 @50% पीवाई हानि | (13,407) | 5983 | 3000 ^ |
| **2021-22** | - | - | 5373 ^ |
| **कुल** | **(50,105)** | **10,132** | **9366** |

***राज्य विद्युत यूटिलिटियों के वार्षिक कार्य-निष्पादन संबंधी पीएफसी रिपोर्ट के अनुसार*

*^ वर्ष 2020-21 के लिए टेनजेडको लेखापरीक्षित लेखाओं के अनुसार*

*************